राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से
बैतूल व सीहोर जिले में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2010–11 में बैतूल एवं सीहोर जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादन से जुडी विभिन्न गतिविधियों के लिए भोपाल दुग्ध संघ द्वारा कार्य किया जा रहा है । दुग्ध समितियों की अधोसंरचना विकसित करने की दृष्टि से बल्क मिल्क कूलर्स एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं जैसे– इलेक्ट्रानिक दुग्ध परीक्षण उपकरण, दुग्ध समिति भवन का निर्माण, विद्युतीकरण, जल व्यवस्था हेतु हैण्ड पम्प तथा जल भंडारण हेतु टंकियां दुग्ध समितियों में उपलब्ध कराई गयी हैं ।

आरकेवीवाय योजना के अंतर्गत दुग्ध उत्पादकों को उत्पादन बढाने हेतु दुधारू पशु उपलब्ध कराए जा रहे हैं । सामान्य, अनुसूचित जाति/जनजाति के हितग्राहियों को ग्राम स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है । इस हेतु उन्हें 25 से 35 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दी जा रही है । हितग्राहियों द्वारा 320 दुधारू पशु अन्य प्रदेशों से क्रय किये जा चुके हैं । शु उत्प्रेरण हेतु ऋण के लिये विभिन्न बैंकों में हितग्राहियों के 500 प्रकरण स्वीकृति की प्रक्रिया में हैं ।

सीहोर जिले में विभिन्न क्षमताओं के 33 बल्क मिल्क कूलर्स स्थापित किये गये हैं । बल्क मिल्क कूलर में दुग्ध समिति पर संकलित दूध का संग्रहण किया जाता है। संग्रहण कर उसे तत्काल ठण्डा किया जाता है । ग्राम स्तर पर बल्क मिल्क कूलर्स की स्थापना से समीपवर्ती 2–3 समितियों का दूध एक स्थान पर संग्रहीत कर ठण्डा किया जाता है जिसे रोड मिल्क टैंकर्स के माध्यम से दुग्ध शीतकेन्द्रों अथवा मुख्य डेयरी संयंत्र को भेजा जा रहा है । ग्राम स्तर पर दुग्ध शीतलीकरण व्यवस्था उपलब्ध होने से दूध की गुणवत्ता में प्रारंभिक स्तर पर ही काफी सुधार हुआ है साथ ही दूध के खट्टे–फटे होने से होने वाली हानि तथा कैनों पर होने वाले व्यय में कमी हुई है इसके अलावा दुग्ध संघ स्तर पर दुग्ध परिवहन व्यय एवं कैनों की साफ सफाई में होने वाले व्यय में भी कमी के साथ रेफ्रीजरेशन लोड में बचत हुई है ।

बल्क मिल्क कूलर वाली दुग्ध समितियों में दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध संकलन के लिए अधिक समय मिलने से विगत वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक दुग्ध उत्पादकों से जुड़े है तथा दुग्ध संकलन की मात्रा में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

आरकेवीवाय योजना के फलस्वरूप हुई प्रगति की जानकारी निम्नानुसार है :–

क.	विवरण	वर्ष			
		2008–09	2009–10	2010–11	2011–12 (अक्टूबर 2011 तक)
1.	दुग्ध संकलन	62,172	68,206	79,489	84,990
2.	कमी/वृद्धि प्रतिशत	33%	10%	17%	7%
3.	दुग्ध उत्पादको को भुगतान राशि (रू लाख में)	3416	4917	5816	3980
4.	दर प्रति किलोग्राम	15.05	17.34	20.05	21.88